मध्यान्ह भोजन योजना
Mid Day Meal Scheme

मध्यान्ह भोजन प्राधिकरण, उ0प्र0

तृतीय तल, अपट्रान भवन, गोमती नगर, लखनऊ

फैक्स नं0–0522–6666173
फोन नं0–0522–2308502, 6666177, 2307094
ई मेल–lkomdm@gmail.com
Website : www.upmdm.org

पत्रांक: म0भो0प्रा0/C-3924/2017–18 दिनांक: 03 नवम्बर, 2017

सेवा में,

समस्त जिलाधिकारी,
उत्तर प्रदेश।

विषय: मध्यान्ह भोजन योजना अन्तर्गत सप्ताह में एक दिन छात्र/छात्राओं को फल वितरण योजना को वित्तीय वर्ष 2017–18 में संचालित किये जाने के संबंध में।

महोदय,

कृपया विशेष सचिव, बेसिक शिक्षा, अनुभाग–6, उ0प्र0 शासन के पत्र संख्या–1654/79–6–201 दिनांक 03 नवम्बर, 2017 (छायाप्रति संलग्न) का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से अवगत कराया गया है कि वित्तीय वर्ष 2017–18 में छात्र–छात्राओं हेतु यथावत् फल वितरण योजना संचालित किये जाने का निर्णय लिया गया है।

कृपया तद्नुसार शासनादेश दिनांक 03 मई, 2016 में दिये गये निर्देशों के क्रम में मध्यान्ह भोजन योजना से आच्छादित विद्यालयों में छात्र/छात्राओं को फल वितरण कराने का कष्ट करें।

उक्त के अतिरिक्त शासन द्वारा 03 मई, 2017 को फल वितरण हेतु प्रेषित किये गये बजट के सापेक्ष कोषागार से आहरण, यदि आहरण नही किया जा सका तो उसका कारण एवं माह अप्रैल, 2017 से अक्टूबर, 2017 तक विद्यालयों में वितरित किये गये फल (आई0वी0आर0एस0 के द्वारा उपलब्ध करायी गयी सूचना के आधार पर) के सापेक्ष आगणित व्यय धनराशि की भी सूचना विलम्बतम 03 दिवस में प्राधिकरण को उपलब्ध कराने का कष्ट करें, जिससे शासन से बजट प्राप्त कर यथाशीघ्र उपलब्ध कराये जाने की कार्यवाही की जा सके।

संलग्नक–यथोक्त।

भवदीय,

(मुमताज अहमद)
वित्त नियंत्रक

संख्या एवं दिनांक तदैव

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:–

1. समस्त मण्डलीय सहायक शिक्षा निदेशक (बेसिक), उ0प्र0।
2. समस्त जिला विद्यालय निरीक्षक, उ0प्र0।
3. समस्त जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, उ0प्र0।

(मुमताज अहमद)
वित्त नियंत्रक

अत्यावश्यक

संख्या–1654/79-6–2017

प्रेषक,

देव प्रताप सिंह,

विशेष सचिव,

उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,

मध्यान्ह भोजन प्राधिकरण,

उ0प्र0 लखनऊ।

शिक्षा अनुभाग–6 लखनऊ: दिनांक: 03 नवम्बर, 2017

विषय:–मध्यान्ह भोजन योजना के अन्तर्गत सप्ताह में एक दिन छात्र/छात्राओं को फल वितरण योजना को वित्तीय वर्ष 2017–18 में संचालित किये जाने के विषयक।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र सं0 म0भो0प्रा0/3209/2017–18, दिनांक 06.10.2017 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2– इस संबंध में मुझे आपसे यह कहने का निदेश हुआ है कि मध्यान्ह भोजन योजना के अन्तर्गत सप्ताह में एक दिन छात्र/छात्राओं को फल वितरण की योजना को वित्तीय वर्ष 2017–18 में यथावत संचालित किये जाने का निर्णय लिया गया है। अतः कृपया तद्नुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(देव प्रताप सिंह)

विशेष सचिव।